हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 नवंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 उद्यमियों को अपनी इकाइयां संचालित करने में न हो कोई...



07 कलेक्टर ने वार्डों में एसआईआर कार्य की...



**खबर संक्षेप**



## यामिनी मौर्य ने जीता गोल्ड मेडल

**सागर।** एशियन जूडो चैंपियनशिप में सदर की बेटी यामिनी मौर्य ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत और नरयावली विधानसभा का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। ताइपे (ताईवान) में आयोजित की गई एशियन चैंपियनशिप में प्रदेश की खिलाड़ी ने 57 किग्रा वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की है। यामिनी ने कई देशों की खिलाड़ियों को हराकर अपनी प्रतिभा साबित कर अथक प्रयासों से स्वर्ण पदक जीता है। विधायक लारिया ने नरयावली विधानसभा की बेटी यामिनी मौर्य को स्वर्णिम जीत पर एवं उनके कोच दीपक कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## प्राकृतिक खेती पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**सागर।** कलेक्टर सह-अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड के निर्देशानुसार एवं परियोजना संचालक आत्मा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती विषय पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सागर के ग्राम घाटमपुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिल राय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सागर रविंद्र सिंह कुशवाहा, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक शैलेष पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक लोकेन्द्र जाटव, आर. दास लढ़िया, आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक राधेश्याम तिवारी, विकासखंड प्रबंधक वीरेंद्र सिंह, सहायक प्रबंधक अखंड पटेरिया, सर्वेयर अमित पाण्डेय, जनप्रतिनिधि रामराज सिंह ठाकुर, प्रगतिशील कृषक देवी सिंह बंसिया, राजेंद्र सिंह ठाकुर सापट, भूपेंद्र सिंह सहित 120 से अधिक कृषकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके उपरांत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच रखते हुए उदाहरण सहित जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, अग्निअस्त्र आदि के बारे में जानकारी साझा की। अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिल राय ने प्राकृतिक खेती को विस्तार से समझाया और किसानों से इसे बढ़ावा देने का आग्रह किया।

### मुख्यमंत्री ने लगभग 50 करोड़ रुपए से अधिक के 16 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड के हर खेत को मिलेगा पानीः मुख्यमंत्री मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देल खंड के हर खेत को पानी मिलेगा। इससे क्षेत्र में समृद्धि आएगी। मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वह अपने खेतों को किसी भी स्थिति में बेचने का प्रयास नही करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश में खेती के साथ साथ पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में पशुपालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौशाला खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नंबर वन बनाने का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए 25 गायों के साथ गौशाला खोलने पर 40 लाख रुपए में से 10 लाख तक का अनुदान देने का कार्य मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सागर जिले के तहसील मुख्यालय बण्डा में सांदीपनि विद्यालय भवन के लोकापर्ण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि तहसील मुख्यालय बण्डा में आज लगभग 31 करोड़ रुपए की लागत से नव निर्मित सर्व सुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया है। इस विद्यालय में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा है कि बण्डा क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त स्कूल भवन के निर्माण से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सीधा लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बण्डा में बने सांदीपनि विद्यालय का भवन बहुत ही अद्भुत और सर्व-सुविधा युक्त है। सांदीपनि विद्यालय परियोजना मध्यप्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के साथ प्रारंभ की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। बेहतर शिक्षा के बूते ही भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मध्यप्रदेश सरकार बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए उन्हें उच्च-गुणवत्ता युक्त शिक्षा और सभी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित सांदीपनि विद्यालय, जहाँ शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केंद्र बनकर उभरे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में 01 दिसंबर से प्रदेशव्यापी गीता जयंती उत्सव मनाया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। सभी जिलों के प्रत्येक जनपद पंचायत में वृंदावन ग्राम एवं गीता भवन बनाए जाएंगे। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने 50.65 करोड़ रुपए के 16 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने सागर जिले की बहुप्रतीक्षित लांच नदी परियोजना की स्वीकृति की घोषणा की वहीं मुख्यमंत्री ने शाहगढ़ में सिविल अस्पताल बनाने, बण्डा में सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम, सिविल अस्पताल बण्डा में पोस्टमार्टम हाउस बनाने, बण्डा क्षेत्र में राखसी, चकेरी, विनेयका में भवन विहीन स्कूलों के लिए भवन बनाने की घोषणा की।समारोह को प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त सरंक्षण मंत्री गोविन्द्र सिंह राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा है कि बुन्देलखंड क्षेत्र खनिज संपदा का भण्डार है, बुन्देलखंड में निवेश का अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि भविष्य में बण्डा अग्रणी क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। समारोह को सांसद दमोह संसदीय क्षेत्र राहुल सिंह लोधी एवं विधायक बण्डा विधानसभा क्षेत्र वीरेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा सागर जिले की बंडा तहसील के ग्राम क्वायला के शहीद श्री राजेश यादव के पिता को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने बण्डा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लिधौरा की मूल निवासी क्रिकेटर क्रांतिगौड़ के पिता को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर खाद्य, नागरिक अपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, राज्यंत्री संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग धर्मेन्द्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री पशुपालन विभाग लखन सिंह लोधी, विधायक रहली एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक नरयावली प्रदीप लारिया, विधायक बण्डा वीरेन्द्र सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, अध्यक्ष नगर परिषद बण्डा वैभव राज कुकरेले, अध्यक्ष जनपद पंचायत बण्डा लोकेन्द्र सिंह लम्बरदार, अध्यक्ष नगर परिषद शाहगढ राधा बाबूलाल खटीक, अध्यक्ष जनपद पंचायत शाहगढ मनीष यादव, श्याम तिवारी, रानी पटैल कुशवाहा सहित कमिश्नर एवं कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





## मुख्यमंत्री यादव का बंडा हेलीपैड पर हुआ स्वागत

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सागर जिले के बण्डा पहुंचने पर हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बंडा हेलीपैड पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक प्रदीप लारिया सहित प्रभारी कमिश्नर एवं सागर कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## गणित व सांख्यिकी विभाग में प्रो.बालकृष्णन एण्डोमेंट व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में तीन दिवसीय प्रो. आर. बालकृष्णन एण्डोमेंट व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया गया। यह व्याख्यान श्रृंखला संयुक्त रूप से प्रो. आर. बालकृष्णन एण्डोमेंट ट्रस्ट और गणित एवं सांख्यिकी विभाग विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित की जा रही है। यह व्याख्यान श्रृंखला प्रत्येक राज्य में किसी एक विभाग का चुनाव कर प्रो. आर. बालकृष्णन एण्डोमेंट ट्रस्ट द्वारा वित्त पोषित की जाती है एवं इस बार गणित एवं साख्किी विभाग में इस का आयोजन किया जा रहा है। इस व्याख्यान श्रृंखला का विषय टोपोलॉजिकल डायनेमिकल सिस्टम और उनके अनुप्रयोग है। टोपोलॉजिकल डायनेमिक सिस्टम गणित की एक शाखा है, जिसमें गतिशील प्रणालियों के गुणात्मक और अनंतस्पर्शी गुणों का अध्ययन किया जाता है। यह क्षेत्र सामान्य टोपोलॉजी के दृष्टिकोण से गतिशील प्रणालियों की स्वरूपात्मक विशेषताओं का विश्लेषण करता है। गणित एवं सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा गणितीय एवं भौतिकीय विज्ञान अध्ययनशाला के अधिष्ठाता प्रो. आर. के. गंगेले ने स्वागत भाषण देते हुए सभी सम्माननीय शिक्षकगणों का अभिवादन किया। आमंत्रित वक्ता डॉ. अनीमा नागर, प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली द्वारा व्याख्ययान श्रृंखला के विषय का महत्व सभी छात्र छात्राओं से साझा किया गया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने गणित विषय के महत्व एवं अपने अनुभवों के बारे में बताया। उद्घाटन समारोह में प्रो. अजीत जयसवाल , डॉ. अभिषेक बंसल, प्रो. यू. के. खेडलेकर, डॉ. एस. कुमार, डॉ. आर.के पाण्डेय उपस्थित थे।

# अहिरवार महासभा की सामाजिक जागरूकता बैठक ग्राम मेहर नरयावली विधानसभा में संपन्न

## नशामुक्त समाज के निर्माण की ली गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नरयावली विधानसभा के ग्राम मेहर में अहिरवार महासभा की बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता कांशीराम अहिरवार ने की । बैठक के मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार एवं खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवाल थे। विशिष्ट अतिथि लखन अहिरवार हास्टल अधीक्षक, डाक्टर राजकुमार अहिरवार, शंकर माते,कलू माते थे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने कहा कि समाज में फैली नशा की लत को खत्म करने की आवश्यकता है। आज समाज के लोगों को अपने बच्चों को नशामुक्त करना चाहिए व बच्चों को शिक्षा की और ले जाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी ने समाज के लिए अपने बच्चों को न देखते हुए उन्होंने समाज के उत्थान के लिए पूरा जीवन दे दिया। राकेश अहिरवाल खाद्य अधिकारी दमोह ने कहा कि समाज को रोजगार के नए साधन उपलब्ध कराने की आज जरूरत है जिससे समाज का आर्थिक विकास किया जा सके। लखन अहिरवार ने भी नशा मुक्त समाज को स्थापित करने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी समाजजन ने नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली गई। कार्यक्रम में कलू माते, मोहन लाल मोठी, घसीटे माते , शरमन अहिरवार मेहर, भरोसी, रामप्रसाद जनपद सदस्य, हम्मीर अहिरवार मेहर, शिवचरण, गनेश, रोहन, हजारी अहिरवार सहित अन्य ग्रामों के समाज जन उपस्थित थे।

### महापौर संगीता तिवारी ने शिविर में स्वयं नागरिकों के फार्म भरवाए

# एसआईआर सर्वे में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु सूबेदार और बाघराज वार्ड में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम सागर द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे के दौरान नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शहर के सूबेदार एवं बाघराज वार्ड में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में महापौर संगीता सुशील तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, वार्ड पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों की समस्याओं को मौके पर ही सुना गया तथा उनका समाधान किया गया।महापौर संगीता तिवारी ने शिविर में पहुंचकर स्वयं नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवश्यक फॉर्म भरवाए । उन्होंने उपस्थित नागरिकों से चर्चा करते हुए कहा कि एस आई आर सर्वे लोकतंत्र का उत्सव है और इसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न छूटे तथा किसी को भी सर्वे प्रक्रिया के दौरान कोई असुविधा न हो, यह नगर निगम की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और नागरिकों के लिए सुगम बनाई गई है। जो भी नागरिक दस्तावेजों की कमी, जानकारी के अभाव या कठिनाई के कारण अपना विवरण अपडेट नहीं कर पा रहे थे, ऐसे सभी लोगों को शिविरों में तुरंत सहयोग प्रदान किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर वार्ड में अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ मिले, इसके लिए शिविरों में सुविधाओं को और बढ़ाया जाए।शिविर में नागरिकों ने नाम जोड़ने, सुधार कराने, पते में परिवर्तन सहित अन्य वोटर सूची संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। नगर निगम टीम ने मौके पर ही फॉर्म भरकर, दस्तावेजों की जांच कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद राजकुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़िया, पार्षद रूबी कृष्णकुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि रामू ठेकेदार, सूर्यांश तिवारी, रामकुमार पटेल, नमन चौबे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा आगे भी अन्य वार्डों में इसी प्रकार शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि प्रत्येक नागरिक को एस आई आर सर्वे का पूरा लाभ मिल सके और मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं अद्यतन बनाया जा सके।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना चौकाबाग निवासी कृष्णा पुत्र सरमन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 17 नवम्बर को रात करीब 10 बजे वह घर के बाहर बैठा था। तभी मोहल्ला रामनगर निवासी मनीष उर्फ कालू पुत्र रामचरण कुशवाहा, राकेश उर्फ टोन पुत्र अज्जू, सनी व महेन्द्र पुत्रगण तोरण एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी,जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर जब उसके परिजन मौके पर आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दक्षिण एक्सप्रेस से ट्रॉली सूटकेस चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के 376-बी, डी.डी.ए. फ्लैट, दिल्ली-96 ईस्ट निवासी मनीष नायर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 21 नवम्बर को ट्रेन नं. 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के कोच संख्या- बी-1 की बर्थ संख्या 71 पर निजामुद्दीन स्टेशन से भोपाल तक की यात्रा कर रहा था। झांसी रेलवे स्टेशन से गाड़ी ललितपुर के लिए निकली थी। इसी बीच उसका नेवी ब्लू रंग का सफारी ब्राण्ड का ट्रॉली सूटकेश चोरी हो गया, जिसमें शादी की गिफ्ट और अन्य सामान रखा हुआ था। पीड़ित के अनुसार बर्थ के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। जीआरपी पुलिस ने मनीष नायर की तहरीर पर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद में झगड़ पड़े भाई-भतीजे

**ललितपुर।** नाराहट थानान्तर्गत ग्राम झरावटा में रहने वाले मनोज पुत्र रामदीन बुनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर बीते शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे उसके भाई प्रमोद व राकेश पुत्रगण रामदीन व भतीजा प्रियांशु पुत्र राकेश एकराय होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### मनसापूर्ण हनुमान मंदिर में भंडारा 29 को होगा

**विदिशा।** पुराना कोर्ट परिसर स्थित मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर में पिछले 10 वर्षों से चल रहे सुदरकांड पाठ के समापन एवं 11वें वर्ष में के उपलक्ष्य में 29 नवंबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में शहर की तमाम मानस मंडलियों सहित साधु-संतों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में प्रमुख रूप से घटेरा गुरुगादी के महामंडलेश्वर श्रीश्री रामदास महाराज, रंगई धाम के महंत श्री विश्वंभरदास रामायणी महाराज, कमापार मंदिर के महंत नूरपुर के महंत सहित खामबाबा मंदिर के महंत शामिल होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण दंडोतिया ने बताया कि यह आयोजन 29 नवंबर को सुबह 11.30 बजे प्रारंभ होगा।

### एक प्रकरण में नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने अज्ञात फरार आरोपी के प्रकरण में सूचना देने वालों को 10 हजार रुपए की नकद राशि देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। आदेश में उल्लेख है कि सिविल लाइन थाना विदिशा में दर्ज अपराध के अज्ञात फरार आरोपी की सूचना देने वाले को दस हजार की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

### जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने व नई इकाईयों के संचालन पर दिया जोर

# उद्यमियों को अपनी इकाइयां संचालित करने में न हो कोई परेशानीः डीएम




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर**

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने व उद्यमियों की समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करने के लिए शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी उद्यमियों एवं उनसे जुड़े सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्यमियों की एक-एक कर समस्याओं को जाना और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान वरिष्ठ उद्यमी कमलेश सर्राफ ने बताया कि ललितपुर में 13 करोड़ से अधिक की यूनिट स्थापित की जा रही है, जिसकी एनओसी अन्य सभी जगहों से प्राप्त होने के उपरान्त अग्निशमन विभाग की एनओसी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी को सीधे फोन कर निर्देशित किया कि एक सप्ताह में एनओसी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से मेटल मैक्स इन्डस्ट्री के स्वामी सोमेल जैन एवं पायनियर स्टोन क्रेसर के पार्टनर ने अवगत कराया कि उनकी इकाई संचालन हेतु विद्युत की निर्बाध आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे उनका उत्पादन प्रभावित हो रहा है, इसको गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि वह मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुचारु निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम विश्वकर्मा योजना में ग्रामीण स्तर पर एवं शहरी स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के लिये डीपीआरओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया। पीएमईजीपी योजना की भौतिक सत्यापन की समीक्षा करते हुए जनपद के बैंक शाखा प्रबन्धको को निर्देशित किया गया कि वह निर्धारित प्रपत्र डाक विभाग को उपलब्ध करायें।

### 15 दिवस के अंदर समस्या का समाधान कराएं

जिलाधिकारी द्वारा नये मिनी औद्योगिक आस्थान, तालबेहट के विद्युतीकरण हेतु विद्युत विभाग द्वारा दिये गये आगणन की धनराशि स्थापित इकाईयों के द्वारा अदा करने पर विद्युतीकरण किया जा सकता है तथा रू० 5 करोड़ से कम के आगणन पर यू.पी.एस.आई.सी. कानपुर के प्रतिनिधि उपस्थित न होने पर निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक में बस्तु स्थिति से अवगत कराया जाये। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत, को निर्देशित किया गया की यह स्थलीय निरीक्षण करते हुए 15 दिवस के अन्दर समस्या का समाधान करायें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, ललितपुर को पार्कों के सौन्दर्यीकरण हेतु स्टीमेट को बोर्ड की बैठक में पारित करायें। मिनी औद्योगिक आस्थान बीघाखेत के बाठडीवाउल निर्माण बाऊण्ड्री बाल का कार्य समयावधि में पूरा कराया जायें।जनपद में ओ.डी.ओ.पी. योजनान्तर्गत चयनित उत्पाद जरी सिल्क साडी एवं खाद्य प्रसंस्करण में सी.एफ.सी. बनाये जाने से अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### *उद्यमियों की समस्याओं के विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिए*

*बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों से अपेक्षा की कि वह भूगर्भ विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त करने हेतु विधिवत रुप से ऑनलाइन आवेदन करें जिसमें भूगर्भ विभाग के द्वारा सहयोग किया जायेगा। उद्यमियों कि समस्याओं को गहनता पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि जनपद में उद्यमियों को अपनी इकाईयां संचालित करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, जनपद में हर संभव उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन तैयार रहेगा, जनपद में उद्योग इकाईयों का विकास होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया होने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे जनपद में आर्थिक समृद्धि और खुशहाली आयेगी। इसलिए उद्यमियों की समस्याएं प्राथमिकता पर निस्तारित की जाएं। जिलाधिकारी की इस पहल पर वरिष्ठ उद्यमी कमलेश सर्राफ ने उनकी दूरदृष्टि व उद्यमियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, व्यापारियों में कमलेश सर्राफ, राजवीर सिंह, सेवाराम चौधरी, रजनीश चड्ढा, मुकेश जैन एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया।*

### ससुरालियों पर एफआईआर

## दहेज में 5 लाख की मांग पूरी न होने पर महिला को निकाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर**

गांधीनगर नई बस्ती में रहने वाली स्नेहा पुत्री बृजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 9 दिसम्बर 2020 को मध्य प्रदेश के भोपाल अंतर्गत प्लाट नं. 75, नीलसागर फेज 2 नीलबड़ थाना रतिबड़ निवासी सुशील पुत्र अनिल श्रीवास्तव के साथ सागर के मकरोनिया स्थित गीतांजलि मैरिज हॉल से हुयी थी।

शादी में उसके पिता ने दान दहेज के अलावा पांच लाख रुपये खर्च किये थे। आरोप है कि शादी के बाद उसके घर में पति सुशील, ससुर अनिल श्रीवास्तव, सास रेखा, जेठ सिद्धार्थ के साथ रही और विवाद के बाद से ही उक्त लोगों ने अतिरिक्त दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया। शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करते हुये ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपयों की मांग रखी। इसकी सूचना जब उसने अपने पिता को दी तो पिता ने असमर्थता व्यक्त की। आरोप है कि ससुरालियों द्वारा हिंसक घटनाएं की गयीं। कुछ समय पश्चात वह गर्भवती हुयी तो उसे और परेशान कर कहा गया कि अतिरिक्त दहेज न लाने पर उसका गर्भपात करा देंगे। अक्टूबर 2021 में जब वह 7 माह गर्भ से थी, तब ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि जब उसने अपने पिता से कहा तो ससुरालियों ने उसे पेट्रोल डालकर मार डालने की धमकी दी गयी। तब से वह अपने मायके में निवासरत है। 19 दिसम्बर 2021 में महिला अस्पताल में उसने पुत्री को जन्म दिया। जिसकी सूचना पिता ने जब ससुरालियों को दी तो वह भड़क गये। बताया कि ससुराली 16 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे उसके घर गांधीनगर आये और उसे पुत्री के साथ ले गये। आरोप है कि बिना दहेज के ससुरालियों ने उसे रखने से मना करते हुये गालियां दीं और मारपीट की। मौके पर मौजूद बृजेश श्रीवास्तव, मोहिनी श्रीवास्तव, वन्दना श्रीवास्तव व संजय श्रीवास्तव के अलावा मोहल्लेवासियों ने उसे बचाया। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### राजीनामा करने को धमकाया, लगाई फांसी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरूनगर निवासी रामकली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 सितम्बर 2025 को अखिलेश नामदेव उसके घर आया और सुबह 7.30 बजे अपने पिता के साथ काम पर ले गया। सुबह करीब 11 बजे उसे फोन आया कि उसका पति भैयालाल जिला अस्पताल में भर्ती है। जब वह अस्पताल पहुंची तो वहां से उसके पति को झांसी रेफर किया गया, जहां उपचार न हो पाने के कारण उसके पति की मौत हो गयी। आरोप है कि अखिलेश नामदेव व ठेकेदार रामपाल ने एक विलिंग स्टाम्प व बिलिंग पेपर पर हस्ताक्षर कराये गये, जिसकी उसे जानकारी नहीं थी। 21 नवम्बर को अखिलेश नामदेव के बुलाने पर वह कोतवाली गये, जहां अखिलेश व रामपाल ने राजीनामा की बात कही, लेकिन सहमति न होने के कारण वह घर वापस आ रही थी। आरोप है कि उसके पुत्र को उक्त लोगों ने रास्ते में रोकते हुये राजीनामा का दबाव बनाया। दहशत में आकर बच्चे मोहित ने घर आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पुलिस ने तहरीर पर मामला दर्ज किया

## छायन गांव के दो परिवारों में जमकर मारपीट, फोन तोड़ा-एक घायल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर**

कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम छायन में रहने वाले मुकेश पुत्र वंशी ने पुलिस उपाधीक्षक महरौनी को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे उसके मकान के सामने गांव का किरपू पुत्र सन्टोले अपने पिता के साथ मारपीट कर रहा था।

जब उसने बीच-बचाव किया तो सन्टोले पुत्र पर्वतलाल, कपिल, किरपू पुत्रगण सन्टोले ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी उसकी मां रामबाई के साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। इस पूरे घटनाक्रम को उसके भतीजे राज ने मोबाइल में रिकॉर्ड भी कर लिया। उसकी हालत बिगडऩे पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में उसका 13 से 15 नवम्बर तक उपचार चला। इसके बाद जब वह शिकायत दर्ज कराने थाने गया तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी और उक्त लोगों ने उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमनाराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपनी पत्नी शीलादेवी से बात कर रहा था, तभी मुकेश ने उसे गालियां दीं और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। बचाने आयी पत्नी को भी पीटा। डायल 112 पर फोन करने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां मुकेश ने उसके फोन में पत्थर दे मारा, जिससे वह भी टूट गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दस नगरों से 2500 मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का उद्देश्य

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया मेधा का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के दसों नगरों से लगभग 2500 मेधावी छात्रों को सम्मानित करना और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना था। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षकों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग पर निरंतर आगे बढऩे की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करना चाहिए। आधुनिक तकनीक का उपयोग समझदारी से करें और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहें।अनुशासन, सत्यनिष्ठा और मेहनत ही जीवन में सफलता की कुंजी है। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री अभाविप मनीष राय ने कहा कि युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि यदि छात्र अभी से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लें, तो भविष्य में कोई भी चुनौती उन्हें रोक नहीं सकती। नगर अध्यक्ष डा.रोहित वर्मा और नगर मंत्री गोपाल शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों ने अभाविप द्वारा शिक्षा और छात्रों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और मेधावी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक अभय पाठक ने तैयार की, उन्होंने परिषद की विद्यार्थी-हितैषी गतिविधियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में परिषद गीत बहन अमीषा सोनी ने तथा संचालन कुलदीप द्विवेदी एवं धनंजय दुबे ने सामूहिक रूप से किया।

### वीरांगना की जयंती पर आयोजित की गई परिचर्चा को

## वेदना और क्षोभ का समुद्र फूट पड़ा था, झलकारी की वाणी में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर**

वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई की महिला शाखा की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई ने जब झाँसी के पतन का दुखद समाचार सुना तो वह गहरे विषाद में डूब गई। ऐसे विषम प्रसंग के संबंध में इतिहास के कंकाल में मांस और रक्त का संचार करके उसे उपन्यास सम्राट वृन्दावनलाल वर्मा ने इतना सजीव बना दिया कि ,झाँसी के पतन पर कलम चलाते हुए वर्मा का गला इतना भर उठा कि वे रानी झाँसी के बारे में कहते हैं कि महल की चौखट पर बैठकर वह रोई । वह,जिसकी आँखों का आंसुओं से कभी परिचय भी न था। वह जिसका वक्षस्थल बज्र और हाथ फौलाद के थे , वह जो भारतीय नारीत्व का गौरव और शान थी। मानो उस दिन हिन्दुओं की दुर्गा रोई । ऐसी ही संकट की घड़ी में छाया की तरह रानी का साथ देने वाली बुन्देली -आन-बान और शान की सदा हँस-मुख जीवन्त-ठसकीली प्रतिमा थी -झलकारी बाई ।

वर्मा कहते हैं, झलकारी बाई का सब ठाट-बाट सोलह आना बुंदेलखंडी-पैर की पैजनी से लेकर सिर की दाउनी(दामिनी) तक सबके सब आभूषण स्थानिक। इतनी निर्भीक और साहसी थी कि सर्वोच्च अंग्रेज सैन्य अधिकारी एलिस के कुदृष्टि डालने पर अपनी सहेली से आग -बबूला होकर , वह कह उठती है - जो नठया मोई ,और देखत तौ ? ई कैं का मताई बैनें न




हुइयें....... मोरे मन में तो आउत कै पनइयाँ उतार कैं मूछन के बरे के मों पै चटाचट दे -ओं युद्ध के समय झलकारी उन्नाव गेट पर अपने पति के साथ ही तोपों से गोले दागती है।जब उसे पता चलता है कि रानी भाण्डेरी फाटक से सुरक्षित कालपी निकल गयीं , तो वह लड़ते हुए अंग्रेजों को अटकाये रहती है , क्योंकि कद -काठी और चेहरे -मोहरे से अंग्रेज झाँसे में आकर ,उसे ही झाँसी की रानी समझ बैठते हैं। इस तरह के सच्चे वृत्तान्त वर्मा जी ने ,झाँसी के उन बूढ़े ,स्त्री-पुरुषों से सुने ,जिन्होंने रानी और झलकारी को स्वयं देखा था । 'आँखों देखा गदर' के मराठा लेखक पं विष्णु भट्ट शास्त्री ने लिखा है कि सबसे भीषण संघर्ष झांसी के खुशीपुरा , जहाँ झलकारीबाई का निवास था तथा कोरी समाज की बहुलता थी , वहीं पर हुआ । क्योंकि जिन वस्त्र निर्माताओं की रोटी-रोजी अँग्रेजों ने छीन ली थी , वहाँ के स्त्री-पुरुषों ने घर से बाहर निकल कर जोरदार गोरिल्ला युद्ध छेड़ दिया था , की कीइसीलिए 1857 के इस जनविप्लव को प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है ।

### पुलिस अधीक्षक को भेजा शिकायती पत्र

## पेट्रोल पंप के बगल से लगी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर**

जमीन पर सह खातेदारों द्वारा जबरन किये जा रहे अवैध कब्जे व निर्माण को तत्काल रोके जाने की मांग को लेकर तहसील तालबेहट के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम नगवांस निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र लखन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि वह अपने सह खातेदारों के साथ जमीन पर काबिज दखील दर्ज कागजात माल है। बताया कि सह खातेदारों ने आपसी तौर पर अपना-अपना बंटवारा कर रखा है, जिस पर काबिज हैं। आरोप है कि उसकी आराजी संख्या 422 मि. रकबा 0.4050 जो कि नगवांस में है, जो कि उसे आपसी बंटवारे में मिली है। इस जमीन पर वह निर्माण के लिए अपना मटेरियल डाले हुये है। बीती 18 नवम्बर को सुबह 10 बजे जब वह अपनी जमीन पर था, तभी पुनियाखेरा व नगवांस निवासी कुछ लोगों ने झांसी के मऊरानीपुर के पलरा, जखौरा के ग्राम चितरा निवासी कुछ लोगों के साथ आये और उसकी जमीन पर निर्माण कार्य करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये।

भागते हुये वह तत्काल एसडीएम तालबेहट के समक्ष पहुंच कर शिकायती पत्र दिया, जिस पर हल्का लेखपाल ने मौके पर आकर काम को रूकवा दिया, लेकिन उक्त लोग धका रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन पेट्रोल पम्प से लगी होने के कारण बेशकीमती है, इसलिए उक्त लोग जमीनों पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## शिशु सुरक्षा सप्ताह के समापन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**विदिशा।** राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के समापन पर इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रसूति वार्ड में भर्ती माताओं और परिजनों के लिए शिशु सुरक्षा विषयक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।




प्रतियोगिता में नवजात की आवश्यक देखभाल पर जानकारी दी गई, जिसमें 2.5 किलो से अधिक वजन, जन्म के तुरंत बाद रोना, गुलाबी रंग, जन्म के आधे घंटे के भीतर स्तनपान तथा छह माह तक सिर्फ मां का दूध दिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल, आईएपी अध्यक्ष डॉ. एमके जैन एवं अन्य विशेषज्ञों ने किया। सही उत्तर देने वाली माताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए।

### 33 साल के युवक ने घर में फंदा लगाकर की आत्महत्या, मजदूरी करके पालता था परिवार

**विदिशा।** मोहनगिरी इलाके में एक 33 वर्षीय संदीप अहिरवार ने शुक्रवार शाम को घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप मजदूरी का काम करता था। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। वह अपने चार भाइयों में से एक था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और हर पहलू की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संदीप का शव उसने घर की छत पर जाने वाली सीढ़ी की डाबलिया पर लटका मिला है। पुलिस टीम ने ही उसे उतारकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती में 31 चयनित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर**

ग्यारसपुर में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें 52 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 31 बेरोजगार युवाओं का चयन सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर किया गया।

भर्ती अधिकारी वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत (बेसरा) ने बताया कि ग्रामीण और शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा यह भर्ती आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि चयन के लिए




निर्धारित योग्यता सुरक्षा गार्ड के लिए 10वीं पास, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, लंबाई 167.5 सेमी और शारीरिक रूप से फिट होना आवश्यक है। वहीं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, आयु सीमा 21 से 37 वर्ष लंबाई 170 सेमी तथा शारीरिक रूप से फिट होना जरुरी है। कर्णावत ने बताया कि चयनित युवाओं को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण प्रदान किया जाएग।

फिलहाल आवासीय कक्षों में संचालित हो रहा साउथ डीजीएम कार्यालय

# साउथ डीजीएम का बनेगा नया कार्यालय, 30 लाख रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बिजली कंपनी श्योपुर के साउथ डीजीएम को अब जाकर अपना खुद का कार्यालय नसीब होगा। क्योंकि अभी तक साउथ डीजीएम जिस भवन में बैठकर अपना कार्यालय संचालित कर रहे है, वह भवन डीजीएम साउथ का कार्यालय न होकर विभाग के आवासीय क्वार्टर है। भवन के अभाव में काफी लंबे वक्त से इन आवासीय क्वार्टरो में ही डीजीएम साउथ का कार्यालय संचालित हो रहा है। लेकिन अब साउथ डीजीएम कार्यालय के लिए नया भवन स्वीकृत हो गया है। जिसके लिए करीब 30 लाख रूपए की राशि न केवल मंजूर हो गई है,बल्कि कार्यालय बनाने का काम भी आरंभ हो गया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि नए साल 2026 में यह कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा और डीजीएम साउथ 2026 में अपने खुद के ऑफिस में बैठकर विभागीय काम को संपादित करना शुरू कर देगे।



### एक मंजिला बनेगा नया कार्यालय भवन

बिजली कंपनी श्योपुर के अधिकारियों की माने तो श्योपुर में साउथ डीजीएम कार्यालय के लिए नवीन कार्यालय भवन स्वीकृत हो गया है। इसके लिए करीब 30 लाख रूपए की मंजूरी मिली है। राशि मंजूर होने के बाद नया डीजीएम कार्यालय भवन का निर्माण वर्तमान में चल रहे डीजीएम कार्यालय के समीप ही खाली पडी जगह पर शुरू हो गया है। बताया गया है कि नया साउड डीजीएम कार्यालय एक मंजिला ही बनेगा,लेकिन उसमें बैठने के लिए सभी के लिए अलग अलग कक्ष बनाए जाएंगे। नए साल वर्ष 2026 में यह कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा।

बता दें कि जब श्योपुर में बिजली कंपनी का महाप्रबंधक कार्यालय नहीं खुला,तब श्योपुर में बिजली कंपनी के एक ही डीजीएम बैठते है। पूरा जिला एक ही डिवीजन में आता था,लेकिन श्योपुर में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक का कार्यालय खुलने के बाद वर्ष 2011 में श्योपुर की बिजली कंपनी दो भागों में विभाजित हो गई है और श्योपुर जिले में साउथ और नॉर्थ नाम से दो अलग अलग डिवीजन बना दिए गए। इसके बाद धान मिल क्षेत्र में नॉर्थ डीजीएम का कार्यालय बन गया,लेकिन साउथ डीजीएम का कार्यालय को कंपनी के दो भागों में बंटने के बाद से पृथक अपना नया कार्यालय भवन नहीं मिल सका है। ऐसे में बिजली कंपनी के दो भागो में बंटने के बाद से श्योपुर का साउथ डीजीएम कार्यालय पावर ट्रांसमिशन कंपनी के आवासीय क्वार्टरो में संचालित हो रहा है।

### साउथ डिवीजन में आते है पांच वितरण केंद्र

श्योपुर जिले को बिजली कंपनी ने दो डिवीजनो में बांट रखा है। एक डिवीजन को साउथ डिवीजन तो दूसरे डिवीजन को नॉर्थ डिवीजन नाम दिया गया है। साउथ डिवीजन श्योपुर में श्योपुर शहर समेत पांच बिजली वितरण केन्द्र आते है। इनमें शहर श्योपुर, श्योपुर ग्रामीण, पांडोला, बडौदा और कराहल बिजली वितरण केन्द्र शामिल है। जबकि नॉर्थ डिवीजन में नौ वितरण केन्द्र आते है। इनमें सोंईकलां, ढोटी, भोगिका, ढोढर, विजयपुर प्रथम, विजयपुर द्वितीय, रघुनाथपुर, वीरपुर, गसवानी बिजली वितरण केन्द्र शामिल है।

### शुरू हो गया निर्माण

साउड डीजीएम कार्यालय के पास अभी अपना खुद का भवन नहीं है। फिलहाल उसका संचालन आवासीय क्वार्टरों में किया जा रहा है, लेकिन अब साउथ डीजीएम कार्यालय के लिए नए भवन की स्वीकृति मिल गई है। जिसका निर्माण भी शुरू हो गया है। उम्मीद है कि साल 2026 में साउथ डीजीएम कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा और नए कार्यालय में विधिवत रूप से कार्यालय भी संचालित होना शुरू हो जाएगा।

**एलएन पाटीदार**
**महाप्रबंधक बिजली कंपनी,श्योपुर**

आसीदा के पास हुआ हादसा, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम कर रही नहर में युवक की तलाश

# चंबल नहर में ट्रैक्टर गिरा,ट्रैक्टर में सवार एक युवक तैरकर बाहर निकला, दूसरा बहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चंबल दाहिनी मुख्य नहर में शनिवार की देर रात एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गिर गया। ट्रैक्टर में दो युवक सवार थे,जो ट्रैक्टर के साथ ही चंबल नहर में डूब गए। एक युवक को किसी तरह तैरकर बाहर निकल गया,लेकिन दूसरा युवक चंबल नहर में पानी के तेज वहाव के साथ बह गया, जिसका फिलहाल कोई अता पता नहीं है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम चंबल नहर में युवक की तलाश कर रही है। हालांकि रविवार को नहर से ट्रैक्टर को बाहर निकाल लिया गया है,मगर खबर लिखे जाने तक युवक का कोई अता पता नहीं चल सका है।

देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि ग्राम जैदा निवासी बादल आदिवासी और धनराज आदिवासी शनिवार की रात को चंबल नहर रोड होते हुए ट्रैक्टर से अपने गांव लौट रहे थे। आसीदा की पुलिस के पास मोड पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार के कारण सीधे चंबल नहर में जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद धनराज आदिवासी तो किसी तरह नहर से बाहर निकलने में सफल रहा। उसने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू कार्य में जुट गई।

### क्रेन की मदद से बाहर निकाला ट्रैक्टर

रविवार की सुबह पुलिस ने क्रेन की मदद से चंबल नहर में गिरे ट्रैक्टर को बाहर निकलवाया, लेकिन चंबल नहर में बहने के बाद लापता हुए बादल आदिवासी का कोई सुराग अब तक नहीं लग पाया है। चंबल नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण युवक के आगे बह जाने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है। युवक की चंबल नहर में खोजबीन करने में स्थानीय ग्रामीण भी पुलिस का सहयोग कर रहे है। जैदा गांव के आदिवासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे हैं। देहात थाना प्रभारी तोमर का कहना है कि जब तक युवक मिल नहीं जाता,उसकी तलाश करने के लिए अभियान जारी रहेगा।

पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

# अवैध रेत से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त मिट्टी में मिलाई डंप कर रखी गई रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। इसके साथही चंबल नदी से निकालकर डंप करके रखी 10-12 ट्रॉली रेत को भी मिट्टी में मिला दिया गया है। जिले के वीरपुर और ढोढर थाना क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई से अवैध रेत कारोबार में लिप्त रेत माफिया में हडकंप मच गया है।

एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि अवैध रेत परिवहन होने की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम को संयुक्त रूप से कार्रवाई के लिए भेजा गया। इस कार्रवाई के दौरान अवैध रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकडकर वीरपुर थाने में रखवा दिया है। इसके साथही सडक किनारे अवैध रूप से भंडारित करके रखी मिली 10-12 ट्रॉली रेत को मिट्टी में मिला दिया गया है। अवैध रेत से भरी दूसरी ट्रैक्टर ट्रॉली ढोढर थाना क्षेत्र में पकडी गई है। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि पकडी गई रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने बचने के लिए काफी दूर तक ट्रैक्टर ट्रॉली को भगाया, लेकिन पुलिस की सक्रियता के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली बच नहीं सकी और उसे जब्त करके थाने में रखवा दिया है और प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।



# जिला कारागार में हुआ सत्संग समागम समवेत स्वरों में गूंजे गीता के श्लोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्री गीता जयन्ती महोत्सव के अंतर्गत रविवार को जिला कारागार श्योपुर में श्रीमद्भगवत गीता के पावन श्लोक गूंजे। गीता जयंती के परिप्रेक्ष्य में नित्य प्रति प्रभात फेरी, गीता पाठ व सत्संग में गुरु महाराज की पावन प्रेरणा से संलग्न गीता भवन सत्संग समिति से संबद्ध सत्संगी प्रातः 9 बजे जिला कारागार पहुंचे जहां जेल अधीक्षक प्रभात कुमार के आमंत्रण पर समागम शुरू हुआ। जिसमें अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल व मंत्री संजय गुप्ता की अगुवाई में सामूहिक सत्संग व सस्वर गीता पाठ में हर आयु वर्ग के महिला पुरुष सत्संगी बड़ी संख्या में हुए सम्मिलित हुए। बंदीगृह के आंतरिक परिवेश और बंदीजन में आंतरिक शुचिता के भाव जागृत करने की दिशा में हुई इस अनूठी पहल को खूब सराहा गया। पहली बार हुए इस आयोजन में बंदीगृह में विचाराधीन बंदी और सजायाफ्ता बंदी दोनों लाभान्वित हुए।



# एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएलओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर प्राथमिक शिक्षक रामअवतार गुप्ता बीएलओ भाग संख्या 109 ग्राम बिटठलपुर विधानसभा क्षेत्र श्योपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

जारी आदेश के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी एसआईआर के कार्य में निरंतर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है तथा निलंबन काल में मुख्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय कराहल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 विजयपुर किया गया है।

# कलेक्टर ने वार्डों में एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को वार्ड 20 एवं वार्ड 21 (हड्डीमील, बीजी रोड) क्षेत्र का दौरा कर एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से घर-घर सर्वे की स्थिति, लंबित फॉर्मों की संख्या और अपडेट किए गए फॉर्मों की जानकारी ली। कलेक्टर ने वार्डवासियों से भी बातचीत कर उन्हें सर्वे में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।इसके बाद मिडिल स्कूल बजरंगगढ़ और मुख्य बाजार क्षेत्र में भी पहुंचे। उन्होंने बीएलओ से फॉर्मों की वास्तविक स्थिति पूछते हुए कहा परिवार में बहुओं की जानकारी उनके माता-पिता, दादा-दादी या उपलब्ध परिजनों से भी ली जा सकती है, ताकि किसी भी व्यक्ति का विवरण छूट न पाए।



# कल होगी जिला स्तरीय राज्य जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में जिला स्तर पर ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवंबर को किया जायेगा। जबकि राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता ऑनलाइन रूप में 12 दिसंबर को आयोजित होगी। सामान्य वन मंडल श्योपुर के डीएफओ केएस रंधा ने बताया कि यह जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता श्योपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो के कक्षा 9वीं से 12 तक अध्ययनरत छात्र व छात्राऐं भाग ले सकते है। यदि कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी (विद्यालय हायर सेकेण्डरी श्रेणी) भाग लेते है तो एक कक्षा से एक ही विधार्थी (कुल 03 विद्यार्थियो की एक टीम) का पंजीयन किया जा सकेगा। यदि कक्षा 9वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी (विद्यालय हाई स्कूल श्रेणी) भाग लेते है तो एक कक्षा से एक विद्यार्थी एवं एक कक्षा से दो विद्यार्थी (कुल 03 विद्यार्थियो की एक टीम) पजीकृत हो सकेगी। विद्यालय टीम में तीन विद्यार्थियों का चयन प्राचार्य अथवा विद्यालय प्रबंधन द्वारा आंतरिक प्रतियोगिता प्रक्रिया अपनाते हुये किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता में भागीदारी करने के लिए पंजीयन 24 नवंबर तक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 28 दिसंबर तक करें आवेदन

# सरकार कराएगी द्वारिका सोमनाथ की यात्रा श्योपुर जिले के 200 यात्री जा सकेंगे यात्रा पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सरकार के द्वारा द्वारिका सोमनाथ तीर्थ स्थान की यात्रा कराई जाएगी। जिसमें श्योपुर जिले के 200 यात्री जा सकेगे। यह तीर्थ यात्रा 11 जनवरी 2026 से 17 जनवरी 2026 तक होगी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए 28 दिसंबर 2025 तक आवेदन किये जा सकते है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार तहसील क्षेत्र श्योपुर नगरीय एवं ग्रामीण के लिए आवेदन जिला पंचायत श्योपुर में लिये जायेगे तथा अन्य सभी तहसील क्षेत्रों के आवेदन संबंधित तहसीलों में प्राप्त किये जायेगे। सभी एसडीएम को निर्देश जारी किये गये है कि आवेदन प्राप्त करने के लिए तहसीलों में पृथक से काउंटर खुलवायें जायें तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायें। कार्य के लिए प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी रहेगे। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि यात्रा 11 जनवरी 2026 को शिवपुरी से रवाना होगी। इस यात्रा पर जाने के लिए श्योपुर जिले को 200 यात्रियों का कोटा प्राप्त हुआ है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक है, महिला यात्री के संबंध में दो वर्ष की छूट दी गई है तथा आयकरदाता नही है, वे अपने आवेदन उक्त स्थानों पर जमा करा सकते है।

पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों की ई केवाईसी व फेस कैप्चर के बाद मिल रहा लाभ

# पोषण ट्रैकर एप से एक एक निवाले का हिसाब, फिर भी पेमेंट के लिए आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

महिला बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ियों पर दर्ज हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाओं की मॉनिटरिंग फेस कैप्चर के माध्यम से शुरू कर दी है। अब हर में वाले का हिसाब भारत सरकार को देना पड़ रहा है। इस काम में लगे महिला स्व सहायता समूहों को उतना ही भुगतान दिया जाता है जितना वह हितग्राहियों पर खर्च करते हैं इसके बावजूद दी गई सेवा के बदले भुगतान के लिए आंदोलन करना वाकई ठीक नहीं है। श्योपुर की बात करें तो बीते तीन माह से महिला स्व सहायता समूहों को भोजन नाश्ते का पेमेंट नहीं हुआ है।

पोषण से जुड़ी सभी योजनाओं में पारदर्शिता व प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए ई केवाईसी व फेस कैप्चर को अनिवार्य कर दिया है। जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों का प्रमाणीकरण अब केवल आधार सत्यापन और चेहरा पहचान प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। यह प्रक्रिया पोषण ट्रैकर एप के जरिए पूर्ण की जा रही है, जिसके लिए सभी केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है। योजना के अंतर्गत गर्भवती, धात्री व अन्य पंजीकृत लाभार्थियों को आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से ई केवाईसी कराना होगा। इसके साथ ही उनका चेहरा पहचान कर फेस कैप्चर भी किया जाएगा। जिन लाभार्थियों को ओटीपी साझा करने में असुविधा है, उन्हें स्वयं पोषण ट्रैकर एप के 'बेनिफिशियरी मॉड्यूल' में जाकर ई केवाईसी एवं फेस कैप्चर की सुविधा दी गई है। जिसके चलते इन दिनों आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकर्ता लाभार्थी महिलाओं के अपने मोबाइल से फ़ोटो खींचती दिखाई पड़ रही हैं।



### स्कूलों में भी लग रही ऑनलाइन उपस्थिति

महिला बाल विकास विभाग की तरह स्कूल शिक्षा विभाग में भी ऐप बनाया हुआ है जिसमें पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में दोपहर का भोजन करने वाले बच्चों की उपस्थिति डाली जाती है। स्कूलों में कितने बच्चों ने भोजन किया इसकी उपस्थिति रोजाना मोबाइल के माध्यम से दी जाती है। भोपाल में बैठे अधिकारी भी कई बार वीडियो कॉलिंग कर बच्चों की स्थिति का आकलन करते रहते हैं।

### भारत सरकार ने अनिवार्य किया फेस कैप्चर

अब महिला बाल विकास विभाग की सभी योजनाओं को भारत सरकार द्वारा बनाए गए पोषण ट्रैकर ऐप से जोड़ दिया गया है। इस ऐप के माध्यम से जितने हितग्राही सेवा लेते हैं उतने ही हितग्राहियों के लिए अगले महा की सामग्री वितरण होती है। इसकी शुरुआत दिल्ली से की जाती है दिल्ली से राज्यों को बीते माह में हितग्राहियों द्वारा ली जाने वाली सेवा के आधार पर राशि ओर सामग्री वितरण की जाती है। केंद्र पर टीएचआर (सूखा पोषण आहार) लेने आने वाली गर्भवती, धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं को प्रति मंगलवार को टीएचआर के पैकेट वितरण करने से पहले पोषण ट्रैकर ऐप पर अपने मोबाइल के माध्यम से फेस कैप्चर करती है। इसी तरह भोजन नास्ता करने केंद्र पर आने वाले 3 से 6 साल के बच्चों को रोटी परोसने से पहले उनकी मां का फोटो कैप्चर किया जाता है, यही प्रक्रिया 6 माह से 3 साल के बच्चे के लिए भी की जाती है।

### इनका कहना है...

स्कूलों में और आंगनबाड़ियों में ऐप के माध्यम से फेस कैप्चर कर उपस्थित डाली जा रही है इसके बाद भी अधिकारी मीनू अनुसार भोजन के नाम पर भरपेट खाना खिला रहे हैं लागत से दो गुना खर्च करने के बाद भी खातों में पैसे नहीं डाले जा रहे हैं। महिलाएं आक्रोशित हैं कभी भी साझा चूल्हा हमेशा के लिए बंद किया जा सकता है।

**सुनिता नायक**
**जिलाध्यक्ष प्रांतीय समूह संघ**

अगरा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस बोली देवर चला रहा था बाइक

# बाइक से गिरकर घायल हुई भाभी की इलाज के दौरान मौत, देवर पर केस दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बाइक से गिरकर घायल हुई भाभी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में भाभी की मौत का जिम्मेदार उसके देवर को मानते हुए उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला अगरा थाना क्षेत्र का है। अगरा थाने के एएसआई वकील सिंह गुर्जर ने बताया कि यह हादसा अगस्त के महीने तब घटित हुआ, जब ग्राम लादर निवासी हल्के पुत्र रामनाथ आदिवासी किसी काम से भाई की मोटरसाइकिल मांगकर उससे विजयपुर गया था। विजयपुर से लौटते वक्त उसकी बाइक पर उसकी भाभी राज कुमारी आदिवासी पत्नी रामराज आदिवासी भी बैठ गई। तभी अर्रोद की पुलिया के पास राजकुमार बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल से ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया। ग्वालियर में इलाज के दौरान महिला राजकुमार की मौत हो गई। ग्वालियर से मर्ग डायरी आने के बाद जब मामले की जांच शुरू की तो इस हाइसे का जिम्मेदार हल्के आदिवासी दोषी साबित हुआ। क्योंकि उसके द्वारा बाइक को लापरवाही से चलाने की वजह से ही महिला राजकुमार बाइक से गिरकर घायल हुई। इसलिए हल्के आदिवासी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार घायल,इलाज के दौरान कोटा में मौत

श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाइवे 552 पर बीती रात को एक बाइक सवार युवक को कार ने टक्कर मार दी। जिससे कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रातोरात राजस्थान के कोटा अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मानपुर थाना प्रभारी पीएस यादव ने बताया कि बडाइमामबाडा श्योपुर निवासी वसीम 28 वर्ष पुत्र रफीक खान गत रात्रि के दौरान सवाईमाधोपुर तरफ से श्योपुर की ओर जा रहा था,तभी दद्दूनी पेट्रोलपंप के पास उसकी बाइक को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर से कोटा के लिए रैफर कर दिया गया,लेकिन उसकी कोटा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक युवक के पिता रफीक खान की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाली कार के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### मंत्री सिंधिया 28 को करेंगे चंदेरी महोत्सव का शुभांरभ

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पड़ौसी जिला गुना के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं इस भ्रमण कार्यकम्र के दौरान 28 नबंवर को गुना के कोंकर ग्राम से दोपहर 3:15 बजे ईसागढ तहसील के ग्राम कोहरवास पहुंचेगें। जहां आमजनों से मिलेगें और 3:30 बजे कोहरवास से प्रस्थान करेगें और 4:30 बजे चन्देरी पहुंचेगें जहां चन्देरी महोत्सव का शुभारंभ कर वहां से वापिस गुना के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अवैध शराब के अनेक मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं जिले की ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम खैराई निवासी संतोष आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने सोनू अहिरवार निवासी अजीत कॉलोनी मुंगावली के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### ट्रैक्टर ने मारी बाइक को टक्कर, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी धन्नालाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिशुपाल यादव ने अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसकी बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मढी तूमैन निवासी अनेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू परिहार, राहुल और अमन केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी केसर बाई मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित बाल्मीक ने घर खाली कराए जाने पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता मढ मोहल्ला अशोकनगर निवासी पूजा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी ससुराल खेजरा कला में है ससुराल पक्ष की ओर से हल्कैया, शीलाबाई, रामबाबू और रामनिवास अहिरवार ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मारपीट की।


## अजब एमपी की गजब परिषद ने 10 हजार झंडे कागजों में बंटवा डाले

# करैरा नगर परिषद में तिरंगा झंडा घोटाला देशभक्ति की ओट लेकर भ्रष्टाचार का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

जिले की करैरा नगर परिषद में आजादी के 78 वें वर्ष और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के नाम पर खरीदे गए 10 हजार तिरंगा झंडों ने बड़ा घोटाला उजागर कर दिया है। नगर परिषद ने प्रत्येक झंडे की कीमत 25 रुपये दिखाते हुए कुल ढाई लाख रुपये का भुगतान किया, जबकि बाजार में यही टेरीकॉट का झंडा थोक में महज 8-9 रुपये में आसानी से मिल जाता है। सबसे गंभीर बात यह है कि सरकार के ह्यहर घर तिरंगाह्ण अभियान के तहत खादी ग्रामोद्योग से ही झंडे खरीदने चाहिये थे, लेकिन करैरा नगर परिषद ने नियमों को ताक पर रखकर जैम पोर्टल से सस्ता टेरीकॉट झंडा मंगवा लिया। पार्षदों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में झंडे न तो शहर में कहीं लगाए गए और न ही वितरित किए गए। शहर के मुख्य चौराहों, सरकारी भवनों, स्कूलों और वार्डों में भी ये झंडे नजर नहीं आए। कई पार्षदों ने तो खुलेआम कहा है कि यह पैसा सीधे अधिकारियों और नेताओं की जेब में गया है। इस घोटाले की भनक लगते ही पूरी नगर परिषद में खलबली मच गई है, क्योंकि तिरंगा यात्रा में दोनों दलों के लोग शामिल थे।

**खादी के नाम पर टेरीकॉट, नियमों की उड़ा रहे खुलेआम धज्जियां और गायब हो गये झंडे:** नगर परिषद के दस्तावेजों के अनुसार 10,000 झंडे खरीदे गए, लेकिन पूरे करैरा शहर में एक भी जगह इन झंडों का उपयोग दिखाई नहीं दिया। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि तिरंगा यात्रा के प्रभारी रहे वार्ड नंबर-10 के पार्षद संजय



नीखरा को भी इस खरीदी की भनक तक नहीं थी। वे हैरान हैं कि उनके नाम से इतना बड़ा ऑर्डर कैसे पास हो गया। आश्चर्य की बात यह है कि मध्य प्रदेश के किसी भी अन्य नगर निकाय ने इतनी बड़ी संख्या में झंडे नहीं खरीदे। करैरा अकेली नगर परिषद है जिसने एक साथ 10 हजार झंडे मंगवाए। सूत्र बता रहे हैं कि नगर परिषद ने मात्र 3 हज़ार झंडे मंगवाये थे उसमें से अधिकांश झंडे अभी भी नगर परिषद के एक बाबू के कमरे में मौजूद हैं। कुछ लोगों का दावा है कि ये झंडे कम मंगवाकर 10 हज़ार झंडों का बिल लगवाकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया । पार्षदों ने इसे संगठित भ्रष्टाचार करार देते हुए कहा कि 16-17 रुपये प्रति झंडे का अंतर निकालकर अधिकारियों और इस भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं ने मिलकर ढाई लाख रुपये की बंदरबांट की। अब कुछ पार्षद इस मुद्दे पर कलेक्टर से शिकायत करने शिवपुरी जा सकते है ।

### तिरंगा भ्रष्टाचार से युवाओं की आस्था को ठेस, सैनिकों का अपमान और जनता में भारी बढ़ता आक्रोश

ऑपरेशन सिंदूर और तिरंगा यात्रा जैसे पवित्र नामों का इस्तेमाल कर जिस तरह करैरा नगर परिषद ने सस्ते टेरीकॉट झंडे खरीदकर खादी के नाम पर लाखों का घपला किया, उसे शहर के युवा और पूर्व सैनिक देश के शहीदों व वीर जवानों के अपमान से कम नहीं मान रहे। युवाओं में इसे लेकर भयंकर आक्रोश है कि जिस तिरंगे के लिए हमारे सैनिक सीमा पर जान देते हैं, उसी तिरंगे को कुछ भ्रष्ट अधिकारी और जनप्रतिनिधि पैसे कमाने का जरिया बना रहे हैं। फौज से प्रेम करने वालो ने इसे देश की सेना का अपमान बताया है।

लोगों की मांग है कि प्रशासन इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए, दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो और गलत तरीके से कमाए गए ढाई लाख रुपये को तिरंगे के अपमान की सजा के रूप में जब्त किया जाए। कई युवाओं ने ऐलान किया है कि यदि 15 दिन में जांच नहीं हुई तो वे नगर परिषद का घेराव करेंगे और सड़क पर उतरेंगे। करैरा के युवा इस मुद्दे पर अब चुप नहीं बैठेगेंझ्र यह आवाज अब पूरे करैरा में गूंज रही है कि तिरंगे के नाम पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा। यह मामला अब सिर्फ करैरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे शिवपुरी जिले में चर्चा का विषय बन गया है।

### इनका कहना है

(1) मैं तिरंगा यात्रा का प्रभारी जरूर था, लेकिन मुझे जहा तक यह पता है कि यहां से झंडे शिवपुरी गए हैं और मुझे न यह जानकारी है कितने झंडे आये थे और कितने के बिल लगे थे मुझे तो यह पता था कि नगर परिषद और जनपद पंचायत से झंडे आये है ।

**संजय नीखरा,** पार्षद वार्ड 10 एवं तिरंगा यात्रा प्रभारी

### लोगों की भावनाओं को पहुंचाई ठेस

भ्रष्टाचार वह भी तिरंगा यात्रा के नाम पर करना लोगो की आस्था को ठेस पहुंचाने के समान है कि 15 अगस्त को यह अधिकारी और खादी के कपड़े पहने हुए नेता बड़े देश भक्त दिखाई देते है वह देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के नाम से ही भ्रष्टाचार करेंगे बहुत ही निंदनीय है ।

**शालिनी सोनी पार्षद वार्ड क्रमांक 3**

हमने 8 हज़ार झंडे जिला अध्यक्ष के लिये दिये और 2 हज़ार झंडे हमारी निकाय में लग गये ।

**गोपाल गुप्ता सीएमओ नगर परिषद करैरा**

## थाना भौंती पुलिस ने पांच हजार की फरार इनामी आरोपिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश



**भौती।** भौती थाना के द्वारा पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना भौंती पुलिस द्वारा फरार इनामी आरोपिया को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

दिनांक 04.06.25 को फरियादी अनिल पुत्र राकेश परिहार उम्र 25 साल नि० ग्राम कुरथरा थाना बडोनी जिला शिवपुरी ने आरोपीगण शिवानी परिहार, संजीव उर्फ साजन परिहार, प्रियदर्शनी परिहार, राहुल पाल, सुमन पाल, छोटू पाल के विरूद्ध ब्लैकमेल कर 2000 रुपये ऐंठने की रिपोर्ट की थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से उपरोक्त आरोपीगणो के विरूद्ध अप०क्र0 176/25 धारा 308(5), 308(6), 115(2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का कायम कर आरोपीगणो की तलाश शुरु कर दी। पूर्व में आरोपी छोटू लोधी, सुमन लोधी, राहुल पाल को गिरफ्तार किया जा चुका है, शेष आरोपीगणो की गिरफ्तारी के हरसंभव प्रयास किये गये लेकिन आरोपीगणो की गिरफ्तारी नही होने से पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा आरोपीगणो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 5000-5000 रुपये के इनाम की घोषित की गयी। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अति० पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर जिसमें भौती थाना प्रभारीः- मनोज राजपूत व पुलिस फोर्स द्वारा आज दिनांक 23.11.2025 को आरोपिया प्रियदर्शनी उर्फ पिछला पत्नी सुनील परिहार उम्र 25 बर्ष निवासी ग्राम कुम्हर्रा थाना खनियाधाना हाल कोर्ट के पीछे पिछोर थाना पिछोर जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर आरोपिया को माननीय न्यायालय पिछोर में पेश किया गया। सराहनीय कार्यवाहीः- भौती थाना प्रभारी :- मनोज सिंह राजपूत , एएसआई संजय भगत ,प्रहलाद सिंह यादव,अभयराज सिंह , अनीता शर्मा, संतोष पाठक,बृजेश राणा, मलखान सिंह गुर्जर की अहम भूमिका रही।

## मुस्कान अभियानः सेहराई विद्यालय में पुलिस ने संवाद से दी जागरुकता

**अशोकनगर।** शनिवार को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सेहराई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्व-सुरक्षा, कानून एवं साइबर अपराधों से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था, जिससे वे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में सजग एवं सुरक्षित रह सकें।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कुँवर, थाना प्रभारी सेहराई उपनिरीक्षक धर्मेश दांगी, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों को संवेदनशील विषयों पर सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के साथ मार्गदर्शन दिया। अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कुँवर द्वारा बाल/बालिकाओं को बताया गया कि बालिग होने की निर्धारित आयु से पहले अनुचित कदम उठाना, जैसे घर से भागना या किसी के बहकावे में आना कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है। नाबालिगों के किसी भी ऐसे कृत्य में संलिप्त पाए जाने वाले के भविष्य पर गंभीर दुभाव झेलने पड़ते हैं। विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी परिस्थिति में विवेकशीलता बनाए रखें और किसी भी प्रकार के निर्णय या समस्या की जानकारी अपने माता-पिता और अभिभावकों को अवश्य दें।

साइबर सेल द्वारा आम होने वाले साइबर अपराधों जैसे सोशल मीडिया पर फ्रॉड, फर्जी आईडी बनाकर बात करना, निजी फोटो/वीडियो का दुरुपयोग, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड से सावधान रहने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक, वेबसाइट या सोशल मीडिया प्रोफाइल पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें, तथा ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा करने से पूर्णतः बचें।

## गत 15 सितंबर को अस्पताल के सामने किया विरोध-प्रदर्शन

# आम सड़क अवरुद्ध कर चक्काजाम करने वाले 8 लोगों पर मुंगावली पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिछले दिनों 15 सितंबर को सरकारी अस्पताल के सामने किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने विरोध प्रदर्शन करने वाले 8 आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाही की है।

आवेदक हरिभगवान रघुवंशी, उम्र 52 वर्ष, निवासी एल.आई.जी.-1247 न्यू दर्पण कॉलोनी ठाठीपुर ग्वालियर द्वारा थाना मुंगावली में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि कस्बा मुंगावली स्थित चंदेरी रोड पर सरकारी अस्पताल के सामने कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर आम सड़क को अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे आमजन के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। इस सूचना पर थाना मुंगावली में अप.क्र. 319/25, धारा 191(2), 126(2), 185 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर त्रराजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल थाना प्रभारी मुंगावली उनि0 जोगेन्द्र यादव को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



निर्देशों के पालन में शनिवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर तथा एसडीओपी मुंगावली सुश्री सनम बी. खान के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई एवं उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। जिनमें भूपत सिंह पुत्र विजय कुशवाह (38 वर्ष), बंटू कुशवाह पुत्र फूलसिंह कुशवाह (36 वर्ष), कल्लू उर्फ गुलाब सिंह पुत्र बादाम सिंह कुशवाह (36 वर्ष), जय सिंह कुशवाह पुत्र रामकिशन कुशवाह (35 वर्ष), ब्रजेश कुशवाह पुत्र नंदराम कुशवाह (30 वर्ष), पप्पूलाल कुशवाह पुत्र भगवान सिंह कुशवाह (44 वर्ष), सनथ कुशवाह पुत्र जगदीश सिंह कुशवाह (28 वर्ष) तथा बाबूलाल कुशवाह पुत्र नत्थालाल कुशवाह (40 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी निवासी ग्राम ढुडेर, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर हैं, जिन्होंने सामूहिक रूप से सड़क रोककर आम जनजीवन एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न की थी।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरूप प्रकरण में प्रभावी प्रगति सुनिश्चित हुई है तथा आगे भी ऐसी घटनाओं पर कठोरतम कार्यवाही किए जाने हेतु स्पष्ट संदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि ''आमजन की सुरक्षा, सुचारू यातायात एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा सड़क अवरुद्ध कर जन-जीवन बाधित करने जैसी गतिविधियाँ कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। ऐसे कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी।



## इंटर स्कूल टूर्नामेंट में गुना व अशोकनगर की टीमें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

इंटर स्कूल खो-खो टूर्नामेंट 2025 का आयोजन सहोदया ग्रुप (सीबीएसई)के तहत अंडर 14 और 17 बालक और बालिका वर्ग के बीच मेजबानी करने का मौका स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री विद्यालय अशोकनगर को मिला।

21 एवं 22 नवम्बर 2025 को अशोकनगर एवं गुना जिले के 500 से अधिक खिलाड़ियों को खो-खो खेलने का अवसर मिला। 21 नवम्बर को बालिकाओं की 21 टीमों के बीच में मैच हुये जिसमें दोनों ही ग्रुपों की टीमों में 14 वर्ष में विजेता स्वामी विवेकानंद स्कूल, द्वितीय स्थान पर रघुवंश कान्वेंट स्कूल गुना एवं तृतीय हिन्दू पब्लिक स्कूल गुना रहा। 22 नबंवर को बालक वर्ग की प्रतियोगिता में 22 टीमों के मध्य खो-खो मैच खेलें गये। इस मौके पर खिलाड़ियों से परिचय ओमप्रकाश अग्रवाल और मनोज जैन पत्रकार ने प्राप्त किया और उनकी हौसंला अफजाई की। इस दौरान विवेकानंद स्कूल के संचालक महेश श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव और पीटीआई प्रहलाद श्रीवास्तव उपस्थित थे। इस मौके पर विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, ब्राज मेडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा ने किए। प्राचार्य जुगल किशोर शर्मा नईसराय स्कूल एवं डायरेक्टर महेश श्रीवास्तव विद्यालय प्रिंसिपल तरिणी श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव अशोक शर्मा आदि इस मौके पर उपस्थित रहे।

**14 वर्ष के आयु वर्ग में यह रहे विजेता**

- विजेता शांति पब्लिक स्कूल गुना
- उप विजेता ब्राइटर वल्ड स्कूल अशोकनगर
- जय ज्योति पब्लिक स्कूल गुना

**17 वर्ष आयु वर्ग के खो-खो के परिणाम**

- विजेता . शांति पब्लिक स्कूल गुना
- स्वामी विवेकानंद विद्यालय अशोकनगर
- सत्य साईं स्कूल गुना

## मान्या ने 17 वर्ष में किया पहला प्रयास इंदौर में एमबीबीएस के लिए मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

नगर के माहेश्वरी इंटरप्राइजेज के संचालक रोमेश माहेश्वरी की पुत्री मान्या ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर प्रतिष्ठित एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार, समाज एवं ईसागढ़ नगर का नाम गौरवान्वित किया है। मान्या का चयन एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर में हुआ है, जो कि प्रदेश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में से एक है।

सिर्फ 17 वर्ष की उम्र में मान्या ने पहले ही प्रयास में इस कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी प्राथमिक शिक्षा आनंद प्राइमरी स्कूल ईसागढ़ में हुई। इसके बाद उन्होंने 12वीं की पढ़ाई के साथ-साथ कोटा स्थित एलन इंस्टीट्यूट में एक वर्ष की कोचिंग लेकर परीक्षा की तैयारी की।



शुक्रवार को मान्या के ईसागढ़ लौटने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा मान्या को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## रात्रि गश्त में लगे बल को चैक किया

## एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा रात्रि के समय थाना अमोला पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा /करैरा

अनुविभाग के अमोला थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों को चैक करते हुये की जा रही कार्यवाहियों के संबंध मे निर्देश दिये।रात्रि के समय पुलिस गस्त अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण व कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 22-23.11.2025 की रात्रि मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा थाना अमोला का औचक निरीक्षण किया। एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गस्त को चैक करते हुये थाने का औचक निरीक्षण कर निम्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिये।

1. रात्रि ड्यूटी में आरक्षक मनोज थाने पर उपस्थित मिले एवं बुलाने पर थाना प्रभारी उपस्थित हुए।
2. थाने की हवालात में कोई बंदी नहीं पाया गया।
3. थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर चेक कर टीप अंकित की गई।
4. रात्रि गश्त में लगे बल को सतर्कता से गश्त करने के निर्देश दिए गए।
5. थाना परिसर का भ्रमण किया साफ सफाई का जायजा लिया।
6. वारंट तामीली के लिये निर्देशित किया।
7. अवैध गतिविधियों मे संलिप्त लोगों पर कार्यवाही के लिये बताया।

## जैन मंदिरों में जुटेंगे श्रद्धालु, बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुजन शामिल होंगे

# गोदभराई रस्म के साथ तीर्थभूमि पर निकली विनोली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी ससंघ के सान्निध्य में आज दोपहर में भव्य जैनेश्वरी दीक्षाए अपने कर कमलों से प्रदान करेंगे। इस हेतु आज दोपहर में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ के दरबार में श्री गणधर महा मंडल विधान का भव्य आयोजन किया गया।

### धर्म करना बहुत सरल है इसको स्वीकार करना सीख लें

इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि धर्म क्षेत्र में कभी दूरी मत बनाना। कभी भी धर्म कार्य को कठिन







मत मानना मंदिर को दूर मत मानना नही तो एक दिन विपरीत परीस्थिति में आप तडप जाओगे और कोई तुम्हारी सुनने बाला नहीं मिलेगा। लक्ष्मण जी की पिछले भव में मंदिर से निकटता रही होगी तब एक रात बाकी थी भारत के आखरी छोड़ पर लंका में लक्ष्मण मुर्छित पड़े थे श्री राम चन्द्र जी को कोई रास्ता नहीं सूज रहा था तब वह मन्दिर की निकटता काम आई और एक रात में संजीवनी बूटी



लेकर हनुमान जी पहुंच गए। बाधा तो बहुत थी फिर भी उन्हें पार करते हुए आखिरकार लक्ष्मण जी अमोघ शक्ति को तोड़कर बाहर आ गए।

उन्होंने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा बड़े चमत्कारी है। आप कहने लगे हैं वहां भी दस वार फिर आये कुछ नहीं भाओ तो समझ लेना हो रहा है वह भी कभी नहीं होगा मेरी बुद्धि मंद है ग्रन्थ तो बहुत सुंदर है मेरी बुद्धि नहीं लग रही है।

### मुनिश्री के कर कमलों से दीक्षा

इसके पहले कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के इतिहास में पहली बार एक साथ 14 जैनेश्वरी दीक्षाए प्रदान करने जा रही हैं। इस हेतु तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़िया संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़िया संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार सहित अन्य प्रमुख जनों ने उपस्थिति का निवेदन किया है।